# खुर्सीपार क्षेत्र में विकास कार्यों एवं समस्याओं के निदान हेतु आयुक्त का सघन दौरा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन–4 अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटर, सार्वजनिक शौचालय, नवीन डामरीकरण रोड, इंडोर स्टेडियम, क्रिकेट स्टेडियम सहित सिवरेज लाईन का सघन निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया है। नागरिको को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का बारिकी से जायजा लिये और चल रहे कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किये है।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा खुर्सीपार मिनी स्टेडियम के पीछे बने एस.एल.आर.एम. सेंटर एवं सार्वजनिक शौचालय का अवलोकन किया गया। एस.एल.आर.एम. सेंटर को जल्द प्रांरभ कराने एवं शौचालय का साफ–सफाई कराने निर्देशित किये है। समीपस्थ कालोनी वासियों द्वारा सुगम यातायात हेतु सड़क बनाने मांग किया गया था। नागरिको के मांग पर नवीन डामरीकरण रोड का निर्माण किया गया है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। खुर्सीपार में पूर्व से इंडोर स्टेडियम निर्मित है, जिसका संधारण एवं साफ–सफाई कार्य कराया जा रहा है, जिसका अवलोकन आयुक्त द्वारा किया गया। इनडोर स्टेडियम के बेहतर संचालन एवं रखरखाव हेतु रुचि की अभिव्यक्ति के तहत एजेंसी नियुक्त करने का निर्देश जोन के अधिकारियों को दिया गया है।

आयुक्त एवं पार्षद विनोद सिंह द्वारा श्रीराम चौक के समीप बने क्रिकेट स्टेडियम का अवलोकन किया गया। स्टेडियम में खेल की प्रेक्टिस कर रहे खिलाड़ियो से मिलकर समस्या पर चर्चा किए और जल्द ही स्टेडियम को व्यवस्थित कराने निर्देशित किये हैं। खुर्सीपार क्षेत्र में नागरिको की सुविधा को देखते हुए सिवरेज लाईन का संधारण कार्य कराया जा रहा है। जिसका आयुक्त ने अवलोकन करते हुए संधारण कार्य शीध्र पूर्ण कराने निर्देशित किये हैं। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

